तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

09 वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत मुख्य...



10 मनरेगा भुगतान और लंबित राशि नहीं मिलने...



खबर संक्षेप

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान



मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व मे इन दिनो गांव –गांव नागरिको से संपर्क कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दशहरा पर्व पर भी जगह–जगह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। ग्राम नवमुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार मे जागरूकता अभियान के तहत वोट बचाओं देश बचाओ का नारा लगाते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने मुख्य चुनाव आयुक्त की भुमिका पर सवाल उठाते हुए कहा मतदाता सूची में बदलाव और चुनावी अनियमिताओ से जुड़े आरोपो की निष्पक्ष जॉच किया जाना चाहिए। मतदाताओं के अधिकारो की रक्षा और चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, डोमार साहू, लिकेश यादव, दुलेन्द्र नेगी, नीरा कपिल, प्रमिला बाई, राधिका यादव, सरोज बाई, बिमला, प्रियंका कपिल एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खेमड़ा में मारपीट

महासमुंद। ग्राम खेमड़ा में पुरानी बात को लेक एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस को तोरनलाल धृतलहरे ग्राम खेमड़ा ने बताया कि 22 अक्टूबर को रात्रि करीबन 9 बजे गांव के आंगनबाड़ी के पास रावण दहन का कार्यक्रम चल रहा था, वह अपने दोस्त कन्हैया लाल बघेल के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहा था, उसी समय गांव के हिरेंद्र दीवान, हरि पाडे एवं चैतू पाडे पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

शरद पूर्णिमा आज : चंद्रमा की किरणों में रखी जाएगी खीर, आरोग्यता के लिए होगा सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पर्व 25 अक्टूबर को यानी आज धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि आज रविवार को पड़ रही है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत के समान होती है। यही कारण है कि इसे धार्मिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन लोग खीर बनाकर खुले आसमान के ऊपर रख देते हैं और सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहते हैं। कोजागरी का अर्थ है ' कौन जाग रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी के प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। शरद पूर्णिमा की रात खीर बनाना और उसे खुले आकाश में चन्द्रमा की रोशनी में रखना एक प्राचीन परंपरा है। ऐसा करने से खीर में औषधीय गुण भर जाते हैं और इसे खाने से स्वास्थ्य लाभ होता है। माना जाता है कि खीर का सेवन अगले दिन सुबह स्नान आदि के बाद करने से स्वास्थ्य, शक्ति और ऊर्जा बढ़ती है। खासकर सांस की बीमारियों और अन्य रोगो में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि इसी दिन देर शाम मां लक्ष्मी की पूजा होगी। बंगाली समाज में यह पूजा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ घर घर होती है।

- अमृतवर्षा और आरोग्यता का पर्व, खुले आसमान के नीचे रखी जाएगी खीर

शरद पूर्णिमा धार्मिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण



घर में आती है सुख शांति और समृद्धि

पूजा में धान की बाली, ईख, ताड़ के फल से निकला खूजा, नारियल और अन्य प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार शरद पूर्णिमा की रात केवल धार्मिक या आध्यात्मिक महत्व की नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पारिवारिक खुशहाली के लिए भी बेहद खास है। इस रात जागरण करना, मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करना और चन्द्रमा की रोशनी में खीर रखना एक ऐसा सरल उपाय है जिससे घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। लोग मानते हैं कि इस रात का प्रकाश अन्य दिनों की तुलना में अधिक पवित्र और शक्तिशाली होता है।



पहल : साल, बीजा और तेंदू जैसी महत्वपूर्ण प्रजातियों के पेड़ छाल काटे जाने का शिकार

3500 पेड़ों की छाल खींची, कर्नाटक से आए डॉक्टर ने शुरू किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में इन दिनों एक अनूठा और बेहद संवेदनशील अभियान चलाया जा रहा है। यहां के करका वन क्षेत्र में मानवीय व असामाजिक करतूतों के कारण 'गर्डलिंग' (पेड़ के चारों ओर की छाल काटकर उसे सूखाने की साजिश) का शिकार बने 3,500 से अधिक पेड़ों को नया जीवन देने के लिए युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया है। इन मूक पेड़ों की जान बचाने के लिए कर्नाटक से मशहूर 'ट्री डॉक्टर' विजय निशांत विशेष रूप से टाइगर रिजर्व पहुंचे हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रभावित पेड़ों की वैज्ञानिक सर्जरी का आगाज हो गया है।

- 'ब्रिज ग्राफ्टिंग' तकनीक का इस्तेमाल कर पेड़ों के पोषण प्रवाह को पुनर्जीवित करने की पहल

क्या है 'गर्डलिंग' और क्यों है यह जानलेवा?- वन विभाग की शुरुआती जांच और क्षेत्र निरीक्षण में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ था कि करका जंगल क्षेत्र के करीब 3,500 से अधिक पेड़ों को सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाया गया है। इनमें पर्यावरण और जैव विविधता के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण साल, बीजा और तेंदू जैसे विशाल पेड़ शामिल हैं। गर्डलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पेड़ के तने के चारों तरफ की छाल को छीलकर या काटकर अलग कर दिया जाता है। इससे पेड़ के ऊपरी हिस्से (पत्तियों) में बनने वाले आवश्यक पोषक तत्व और जल का प्रवाह जड़ों तक पहुंचना पूरी तरह बाधित हो जाता है। समय पर इलाज न मिलने पर धीरे-धीरे पेड़ अंदर से सूखकर दम तोड़ देता है।

वनकर्मियों को मिलेगा विशेष तकनीकी प्रशिक्षण- इस पूरे अभियान का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि यह केवल तात्कालिक उपचार तक सीमित नहीं है। ट्री डॉक्टर विजय ⏭शेष पेज 9 पर



एक दशक में सवा लाख पेड़ नष्ट

अधिकारिक जानकारी के मुताबिक ड्रोन सर्वेक्षण तथा उपग्रह चित्रों के तुलनात्मक विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार, पिछले एक दशक में करका क्षेत्र में 1.25 लाख से अधिक वृक्षों के नष्ट किए जाने का अनुमान है। उपग्रह चित्रों तथा डीजीपीएस-युक्त ड्रोन सर्वेक्षणों से इस क्षेत्र में अतिक्रमण के विस्तार का भी पता चला है। वर्ष 2016 में लगभग 22 हेक्टेयर रहा अतिक्रमण वर्ष 2026 में बढ़कर 102.47 हेक्टेयर तक पहुँच गया। ये निष्कर्ष इस संवेदनशील वन क्षेत्र में हुए व्यापक पारिस्थितिक नुकसान को रेखांकित करते हैं।



'ब्रिज ग्राफ्टिंग' तकनीक से लौटाई जाएगी पेड़ों की सांसें

सूखने की कगार पर पहुंच चुके इन पेड़ों को बचाने के लिए ट्री डॉक्टर विजय निशांत 'ब्रिज ग्राफ्टिंग' जैसी उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत क्षतिग्रस्त हिस्से के ऊपर और नीचे जीवित ऊतकों के बीच एक वैकल्पिक संपर्क स्थापित किया जाता है, ताकि जड़ों और तने के बीच पोषक तत्वों का रुका हुआ प्रवाह फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इस उपचार की सफलता काफी हद तक पेड़ की प्रजाति, घाव की गहराई और उसकी मौजूदा स्थिति पर निर्भर करेगी।

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व व्यवस्था प्रभावित, धान खरीदी से पहले गिरदावरी अधूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में राजस्व पटवारियों की 11 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है। धान खरीदी का समय नजदीक आने के बावजूद गिरदावरी का काम अधूरा रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। समय पर फसल का रिकॉर्ड तैयार नहीं होने की स्थिति में किसानों को धान विक्रय के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पटवारियों की हड़ताल के कारण नामांतरण, सीमांकन, भूमि रिकॉर्ड में सुधार और आय प्रमाण पत्र से जुड़े कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे राजस्व संबंधी कार्यों के लिए पटवारी कार्यालयों पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- 11 दिनों से जारी आंदोलन से किसानों की बढ़ी चिंता

पीवी ऐप की तकनीकी समस्याओं को लेकर आंदोलन- राजस्व पटवारी संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन के दौरान तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं। इन्हीं समस्याओं और अपनी मांगों को लेकर पटवारी संघ 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। संघ का कहना है कि मांगों के निराकरण को लेकर अपेक्षित पहल नहीं होने के कारण आंदोलन जारी रखना पड़ रहा है।

धान खरीदी से पहले समाधान की जरूरत- धान खरीदी का सीजन नजदीक होने के कारण गिरदावरी और फसल रिकॉर्ड का काम समय ⏭शेष पेज 9 पर

जामली और मुड़ागांव में विकास कार्यों का भूमिपूजन

जामली व मुड़ागांव में सीसी रोड, अतिरिक्त कक्ष और सामुदायिक भवन की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामली एवं मुड़ागांव में रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा एवं स्वीकृति प्रदान की गई। विकास कार्यों की सौगात मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा वेश नारायण ठाकुर ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंह साहू, जनपद सदस्य विष्णुराम नागेश, पंकज निर्मलकर एवं पुष्पा देवानंद सिन्हा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, राजू साहू, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष हरीश साहू, थान सिंह निषाद, दिसांग चंद्राकर एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पिलूराम यादव सहित आसपास के क्षेत्रों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इसके अलावा जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं साहू समाज सोरिद परिक्षेत्र के अध्यक्ष रूपसिंह साहू, पूर्व सरपंच पुनीत ध्रुव, सुंदर साहू, भुवन ध्रुव, भाजपा शक्ति केंद्र सहसंयोजक दुर्जन साहू, जामली बूथ अध्यक्ष डिगेन्द्र निषाद, भाजपा बीएलए मंगतूराम यादव, ग्रामीण अध्यक्ष जोहत राम साहू, भीखम दीवान, गंगाधर ध्रुव, पवन, रामदयाल, विजय भील सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुड़ागांव से बूथ अध्यक्ष अर्जुन ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम विश्वकर्मा, विजय ध्रुव, तेजन दास, रामावतार यादव, उमेंद्र दीवान, नंदकुमार सिन्हा, यादराम ध्रुव एवं सारदा दीवान सहित अनेक ग्रामीण शामिल हुए। मुड़ागांव में इनमें टीन शेड निर्माण, बजरंग चौक में रंगमंच सह सामुदायिक ⏭शेष पेज 9 पर

विधायक नेता नहीं, हमारे बेटे हैं : भेषमती रूपसिंह साहू

उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद से रोहित साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों एवं गांवों के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को समझकर विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाने की दिशा में पहल करते हैं। साहू ने कहा कि विधायक के प्रयासों से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों की सौगात पहुंच रही है। सड़क, शिक्षा, सामुदायिक भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्य ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जामली पंचायत को मिली विकास कार्यों की सौगात

ग्राम पंचायत जामली में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांगों पर विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा एवं स्वीकृति प्रदान की। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला में तीन अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, गलियों में सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम संगठन महिला स्व-सहायता समूह के लिए भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही व्यक्तिगत एवं सामूहिक आवेदनों के आधार पर स्वेच्छानुदान राशि भी प्रदान की गई। इन घोषणाओं से गांव में शिक्षा, सड़क, महिला सशक्तीकरण एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद जगी है।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम नरसिंगपुर की एक महिला के साथ उसके पति, सास और ननदों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम नरसिंगपुर की सुवर्णा बारिक अपने बेटे शौर्य बारिक एवं बेटी संस्कृति बारिक के साथ ग्राम नरसिंगपुर के एक अन्य मकान में रहती है। 22 नवंबर को सुबह वह अपने बेटे शौर्य के साथ सामान खरीदने दुकान जा रही थी, करीबन 07 बजे वह अपने पति दिवाकर बारिक के घर के सामने पहुंची थी, तभी घर के सामने मेरी बड़ी ननद सविता साहू ने उसे देखकर मेरे भैया के बनाये हुए घर में रह रही है कहते हुए गाली गलौज करने लगी। आवाज को सुनकर उसके पति दिवाकर बारिक, ननद सुनिता प्रधान, सास भूमिसुता बारिक घर के बाहर आये और एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे।

खेतों में गूंजी हार्वेस्टर की गूंज, 31 अक्टूबर तक करा लें पंजीयन और संशोधन

31 तक करा सकते है पंजीयन समर्थन मूल्य पर होगी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नवरात्रि पर्व के बाद अब खेतों में सुनाई देने लगी है हार्वेस्टर की गूंज और तेज हो गई है किसानों की चहल-पहल। खेतों में पककर तैयार धान की फसल की कटाई-मिंजाई का दौर शुरू हो चुका है। किसान हारूना सहित पतली किस्म के धान की कटाई में जुटे हैं। वहीं, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख नजदीक आने के साथ ही किसान जल्द से जल्द फसल समेटकर उपार्जन केंद्रों तक पहुंचाने की तैयारी में हैं। इधर, धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए किसानों के पास पंजीयन और जरूरी संशोधन कराने के लिए 31 अक्टूबर तक का ही मौका है।



धान कटाई जोरों पर, किसानों के पास पंजीयन का अंतिम मौका

किसान हारूना सहित पतली किस्म के धान की कटाई में जुट गए हैं। कहीं पारंपरिक तरीके से मजदूर धान काटते नजर आ रहे हैं, तो कहीं हार्वेस्टर मशीनों के जरिए कटाई का काम तेजी से किया जा रहा है। गरियाबंद-रायपुर मार्ग के आसपास खेतों में इन दिनों कटाई करते किसान और मजदूर आसानी से देखे जा सकते हैं।

खेतों में नमी होने के कारण कई किसान चैन वाले हार्वेस्टर से धान कटवा रहे हैं, ताकि गीली जमीन में मशीनों की आवाजाही सुगम हो सके। वहीं, फसल पकने के साथ ही किसान समय पर कटाई पूरी करने की तैयारी में जुट गए हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख निर्धारित होने के बाद भी किसानों में फसल जल्द तैयार कर उपार्जन केंद्रों तक पहुंचाने की तैयारी दिखाई दे रही है।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीयन और आवश्यक संशोधन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त महेश्वरी तिवारी ने किसानों से निर्धारित ⏭शेष पेज 9 पर

पारंपरिक तरीकों के साथ मशीनों से भी हो रही कटाई

हरुना धान की कटाई शुरू, खेतों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

खरीफ फसल के पककर तैयार होने के साथ ही रसेला अंचल में हरुना धान की कटाई का दौर शुरू हो गया है। खेतों में धान की सुनहरी बालियां लहलहाने के बाद अब किसान फसल की कटाई में जुट गए हैं। सुबह से ही खेतों में किसानों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। कहीं किसान पारंपरिक तरीके से हंसिया लेकर धान की कटाई कर रहे हैं, तो कहीं आधुनिक मशीनों की मदद से कटाई का काम तेजी से किया जा रहा है। धान की फसल तैयार होने के बाद किसानों के लिए यह समय काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पूरे खरीफ सीजन में मेहनत करने के बाद अब किसान अपनी उपज को घर तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

- खेतों में लहलहाती सुनहरी फसल समेटने में जुटे किसान



पारंपरिक तरीके से कटाई करने वाले किसान जहां परिवार और मजदूरों की मदद ले रहे हैं, वहीं मशीनों से कटाई करने वाले किसानों को कम समय में अधिक क्षेत्र की फसल काटने में सहूलियत मिल रही है। रसेला अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की कटाई शुरू होने से खेत-खलिहानों में रौनक बढ़ गई है। अब किसानों की नजर फसल की सुरक्षित कटाई, मिंजाई और उपज को घर तक पहुंचाने पर टिकी हुई है। मौसम अनुकूल रहने की उम्मीद के साथ किसान अपनी मेहनत की फसल समेटने में लगे हुए हैं। धान की कटाई का यह दौर ग्रामीण जीवन में खेती-किसानी की व्यस्तता को एक बार फिर जीवंत कर रहा है। खेतों में लहलहाती सुनहरी फसल अब किसानों की मेहनत और उम्मीदों का परिणाम बनकर खलिहानों तक पहुंचने लगी है।

खबर संक्षेप

शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा हटाने की मांग

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 30 में आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग वार्ड पार्षद धनेश्वरी सोनवानी एवं वार्डवारियों ने सीएमओ से करते हुए बताया है कि आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि, सीसी रोड तथा पालिका द्वारा स्थापित बोर के पास वार्ड के ही एक नागरिक द्वारा घेरा लगाकर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण किया गया है। जिससे आंगनबाड़ी के बच्चों के मनोरंजन खेलकूद एवं नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है। कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग पालिका सीएमओ से की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद धनेश्वरी सोनवानी के साथ आरती, ज्योति, लक्ष्मी, सरस्वती कन्नौजे, इंद्राणी, पूजा, निशा, गायत्री सेन, हेमलता साहू, निर्मला, गंगा, भीना साहू, अनसुईया, गजाधर, शिवचरण सोनी, ललिता चंद्राकर, फुगेलाल, रामेश्वरी साहू, खिलेश्वरी, विश्वासा यादव, रंजना गजेंद्र, सावित्री आदि शामिल है।

झिटकी में आज मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा उत्सव

नर्रा। ग्राम झिटकी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक शरद पूर्णिमा उत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 25 अक्टूबर रविवार को आयोजित होने वाले इस पावन अवसर पर गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर रात्रि 12 बजे के बाद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष औषधीय गुणों से युक्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा, जिसे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माना जाता है। साथ ही ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ी 'नाचा गम्मत' के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने आसपास के सभी धर्मप्रेमी ग्रामीणों एवं कला अनुरागियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर औषधि रूपी प्रसाद ग्रहण करें और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

अलसुबह और देर रात हल्की गुलाबी ठंड का अहसास

नर्रा। दशहरा का पर्व संपन्न होने के बाद अब मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। मानसूनी हवाओं की विदाई के साथ ही क्षेत्र में अब अलसुबह और देर रात हल्की 'गुलाबी ठंड' का अहसास शुरू हो गया है। सुबह-सुबह घूमने निकलने वाले लोगों को ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में आए इस परिवर्तन के साथ ही आम जनजीवन पर भी इसका असर दिखने लगा है।

भजन कीर्तन का आयोजन आज

महासमुंद। ग्राम खरोरा में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। रात्रि 8 बजे वल्सल म्यूजिक ग्रुप बागबाहरा की प्रस्तुति होगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर मंदिरों और घरों में विशेष रूप से भगवान कृष्ण, माता लक्ष्मी और हरि विष्णु की आराधना है। शरद पूर्णिमा कीर्तन-भजन की मुख्य परंपराएं और महत्वपूर्ण है।

आयोजन : आदिशक्ति माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना में हुआ कार्यक्रम

देवठाना बस्तीपाली में हवन पूजन महाआरती के बाद लगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



फुलझर राज्य रियासत 18वीं शताब्दी की प्राचीनकालीन ऐतिहासिक राजधानी रही बस्तीपाली में तत्कालीन गोंडवाना शासनकाल के जगत राजवंश के राजा जगसाय जगत राजमाता सागुन कुमारी देवी जगत की एक वैभवशाली साम्राज्य राजप्रासाद संचालित था। जहां जगत राजवंश की अधिष्ठात्री कुलदेवी आदिशक्ति माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना (मातागुड़ी) भगवान जगन्नाथ मंदिर आज भी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में मंदिर पंडा पुजारियों और ग्रामवासियों के जनसहयोग से संरक्षित हैं। परंतु, राजप्रासाद राजमहल खंडहर भग्नावशेष स्थिति में अस्तित्व खोने के कगार पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीरान और देखरेख के अभाव में राजमहल ध्वस्त हो चुका है तथा ग्रामीणों द्वारा भूमि अतिक्रमण होने के साथ-साथ बाहरी शरारती असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़-फोड़ खुदाई बदस्तूर जारी है।

माता इक्कीसो बहिनियां देवठाना शक्ति उपासकों के धार्मिक आस्था का केंद्र शक्तिपीठ में प्रति वर्ष चैत्र वासंतीय और आश्विन शारदीय दोनों ही नवरात्रियों में जगत वंशज यज्ञमानों बइगा, भूमका, गायता, पंडा पुजारियों द्वारा प्रकृति पूजक गोंडी धर्म संस्कृति रूढ़ीजन्य पूर्वज परम्परानुसार 21 देवीय शक्ति माताओं के नाम मनोकामना अखंड दीप ज्योति प्रज्ज्वलित कर प्रति दिवस माता श्रृंगार पूजा-पाठ आरती का विधान प्रचलित है। नवरात्रि के पवित्र धार्मिक अनुष्ठान तिथि आश्विन शुक्ल नवमीं विजयादशमी दशहरा के पावन दिवस पर मातारानी के दरबार में मुख्य यज्ञमान व संरक्षक अमृतलाल जगत, नोविना जगत, दौलतराम जगत, निरूपा जगत, उत्तम सिंह जगत, पांचोबाई जगत संयोजक एवं सूत्रधारक राजेंद्र सिंह सिदार सिरहा बइगा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश, पंडा पुजारी विदेशीराम यादव, सुदेशीराम यादव के दैवीय शक्तियों के आव्हान मंत्रोच्चार शंख घंट मांगलिक ध्वनि हुलहुली के साथ हवन-यज्ञ विश्व कल्याण शांति पूर्णाहुति, महाआरती पश्चात राजबाड़ा अस्त्र शस्त्र खड्ग तलवारों भाला बरछी धनुष तीर कमानों की पूजा, नवान्न धान की पहली बालियों के भोग चढ़ावा तथा 21 नन्हीं कन्याओं को माताओं की प्रतिरूप मानकर देवी श्रृंगार, शस्त्रों का पूजन पश्चात गोंडवाना पारंपरिक नवाखाई नवान्न भोग प्रसाद समर्पित कर पारम्परिक विजयादशमी पर्व पर नौ दिनों तक देवी व्रत रखने वाले महिला व पुरुष उपासकों ने मनोकामना व्रत का उद्यापन किए।

पूजन पर्व पर प्रमुखता से समाजसेवी गोकुल पारेश्वर, क्षेत्रोलाल सिदार, शंखलाल जगत, सुभाष सिदार, मनोज सिदार, प्रेमसिंह जगत, हेतराम जगत, बिहारीलाल खम्हारी, दुर्योधन बारिक, अक्षय दास, सत्यवान दास, श्याम दास, जीवनलाल चौधरी, सेतकुमार चौधरी, देवभोज यादव, भीष्मदेव यादव, उग्रसेन यादव, सूरज यादव, दिनेश यादव, सुशीला यादव, सुकांति यादव, अंजना यादव, रूक्मिणी चौधरी, गौरी यादव, रजनी यादव, हेमबाई यादव, संगीता यादव, सविता बरिहा, नलिनी वैष्णव,दिव्या जगत, पारूल जगत, सुमित्रा जगत, सुबनी जगत, पीली जगत, कौशिकदास मानिकपुरी, हृषिकेश दीप सहित समस्त बस्तीपाली ग्रामवासियों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विशेष सेवा सहयोग रहा।

नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) प्रक्रिया के तहत जिले में नवीन मतदान केंद्रों की स्थापना एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, महासमुंद को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में उन्होंने महासमुंद जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खल्लारी के विभिन्न प्रस्तावित स्थानों पर नवीन मतदान केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों पर नियमानुसार विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की स्थापना एवं युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। द्वारिकाधीश यादव ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि नवीन मतदान केंद्रों की प्रस्तावित सूची एवं संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया जाए तथा संबंधित क्षेत्रों में भौगोलिक स्थिति, मतदान केंद्रों की दूरी और भवनों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों का उद्देश्य मतदाताओं को सुगम, सुलभ एवं सुविधाजनक मतदान व्यवस्था उपलब्ध कराना है। वर्तमान मतदान केंद्रों से संबंधित कठिनाइयों को दूर करने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता की निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार नए मतदान केंद्रों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए।

निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर आवश्यक

पत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया गया है कि नवीन मतदान केंद्रों के प्रस्तावों का निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, संबंधित निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए प्रस्तावों पर नियमानुसार विचार किया जाए, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान होने वाली असुविधाओं को कम किया जा सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं मतदाता-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

जंवारा विसर्जन में शामिल हुई हुलसी श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण



महासमुंद। क्वांर नवरात्रि पर ग्राम बेलसोंडा में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जंवारा विसर्जन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर धार्मिक आयोजनों में शामिल हुईं और विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

जवारा विसर्जन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय मुलाकात की तथा स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और माता के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीणजन धार्मिक उत्साह के साथ विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर हुलसी ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कार और सनातन संस्कृति से जुड़ा पवित्र उत्सव है। माँ दुर्गा की आराधना से हमें शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना करते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागी बनना उनके लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के साथ जुड़कर उनकी आस्था और भावनाओं का सम्मान करने का माध्यम है। जनसेवा के साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं को सहेजना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। जंवारा विसर्जन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए और भक्तिभाव के साथ जवारा विसर्जन किया। इस अवसर पर वार्ड पंच शंकर चंद्राकर, संजय चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, तेजन चंद्राकर, विपुल चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, ज्वाला चंद्राकर, कोविद चंद्राकर, डोमन चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, आदी चंद्राकर, सिद्धू चंद्राकर मौजूद रहे।

कुसमी में शरद पूर्णिमा उत्सव आज, रामलीला मंचन और औषधीय प्रसाद वितरण का होगा आयोजन

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुसमी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा उत्सव एवं मेला का आयोजन 25 अक्टूबर (रविवार) को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम कुसमी में शरद पूर्णिमा मनाने की यह परंपरा स्वतंत्रता-पूर्व 100 वर्षों से अधिक समय से अनवरत चली आ रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर गांव में रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसके उपरांत बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रूप में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। शरद पूर्णिमा पर रात्रि 12 बजे के बाद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष औषधीय गुणों से युक्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माने जाने वाले इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसमें रजय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टीर (कुसमी) तथा रसाल्हे भांठा मया के बंधना नाच पार्टीर (मोहदा) द्वारा छत्तीसगढ़ी 'नाचा गम्मत' की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, ग्रामीणों एवं कला-अनुरागियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर औषधि रूपी प्रसाद ग्रहण करें तथा धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

गिद्धवा परसदा वेटलैंड इस बार भी रामसर साइट में शामिल नहीं हो सका : पाणिग्रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



दुर्ग वन मंडल एवं बेमेतरा जिला स्थित गिद्धवा परसदा वेटलैंड कांप्लेक्स इस बार भी अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शामिल होने से वंचित रह गया। 15 अक्टूबर 2026 को घोषित सूची में चंडीगढ़ का सुखना वेटलैंड तथा उत्तरप्रदेश के मैनपुरी जिला स्थित सोज झील को रामसर साइट में शामिल किया गया है। गिद्धवा परसदा को रामसर साइट की मान्यता के लिए सतत प्रयास करने वाले पर्यावरण प्रेमी एवं जिला वेटलैंड संरक्षण समिति सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि छत्तीसगढ़ का एक मात्र पक्षी अभयारण्य गिद्धवा परसदा वेटलैंड कांप्लेक्स अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में मान्यता प्राप्त करने के मापदंडों के अनुसार पूर्ण पात्र है। जिसके लिए पर्यावरण प्रेमियों, पक्षी विशेषज्ञों एवं नागरिक एवं वेटलैंड के आसपास ग्रामवासी निरंतर मांग करते आ रहे हैं। ग्राम वासियों का वेटलैंड एवं पक्षियों की रक्षा के प्रति समर्पण उनके द्वारा लगाए जाने वाले उस नारे से सार्थक होता है। गिद्धवा परसदा में वर्ष 2021 से हर वर्ष 2 फरवरी को पक्षी उत्सव भी मनाया जाता है। गौरतलब है कि 16 सितंबर 2025 को छत्तीसगढ़ वेटलैंड प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के 6 वेटलैंड को प्राथमिकता से अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट हेतु चिह्नित करने कहा था।



बड़े नाले के निर्माण में अड़चन से नागरिकों को परेशानी, अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका परिषद महासमुंद के वार्ड क्रमांक 29 भलेसर रोड में बड़े नाले के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर समस्त वार्डवासियों ने अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ज्ञापन सौंपा है। वार्डवासियों का कहना है कि नाली की बदबू और जलभराव की समस्या से पूरा वार्ड परेशान है और निर्माण में हो रही देरी से उनमें आक्रोश है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा वार्डवासियों की सुविधा एवं सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है जो क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और इससे जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस निर्माण कार्य के लिए अग्रवाल समाज के भवन एवं आरएसएस समरसता भवन द्वारा जनहित में सहयोग करते हुए लगभग 10 फीट की बाउंड्रीवॉल स्वयं तोड़कर जमीन नगर पालिका को सुपुर्द कर दी गई है जो जनहित का जीवंत उदाहरण है। वार्डवासियों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई करने तथा निर्माण में उत्पन्न बाधा को दूर कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए निर्देश दिए जाएं।

जनहित के कार्य में आगे आकर करें सहयोगः अध्यक्ष

इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि जनहित और नगरहित में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। अग्रवाल समाज और आरएसएस समरसता भवन का सहयोग सराहनीय है, जिन्होंने अपनी लगानी भूमि नाली निर्माण के लिए दी है।

खबर संक्षेप

केंदुवा में मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम केंदुवा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम मानिकपुर थाना नगरदा जिला सक्ती निवासी भुनेश्वर भाट 20 अक्टूबर को दोपहर करीबन 2 बजे अपने साले संजू भाट के ससुर के यहां ग्राम केंदुवा मोटर सायकल से आया था, कुछ देर तक रूकने के बाद वह अपने मोबाईल को चेक कराने ग्राम केदुवा के दुकान में गया था, जहां से वापस अपने साले के ससुर के यहां जा रहा था। दोपहर करीबन 2.30 बजे मोंगरा भाट के घर के पास महेश भाट ने अपने घर से निकलकर कहा कि तू इस गांव में क्यों आया है, तू पहले भी हमारे रिश्तेदार के लड़की को भगाकर ले गया था। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करने लगा। तभी दिनेश भाट एवं सुकदेव भाट भी वहां आए और तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

नार्थ जोन में 177 बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नॉर्थ जोन पुलिस ने 177 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधित सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है। डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देशन में तथा एडीसीपी आदित्य पांडे के मार्गदर्शन में पुलिस ने 57 प्रकरणों में 68 व्यक्तियों को धारा 126, 135(3), बीएनएसएस के तहत 63 प्रकरणों में 75 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

मुल्ले में पंडवानी आज

जीजामगांव। ग्राम मुल्ले में आज 25 अक्टूबर को जय दुर्गा पंडवानी भजन मंडली निनवा तिल्दा की पंडवानी होगी। कार्यक्रम की तैयारी में भागीरथी साहू, भागवत साहू, सांवत साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, हरीश साहू, वासुदेव साहू जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा साहू द्वारा किया जाएगा।

मेघा में सुनील सोनी स्टार नाइट आज

मगरलोड। ग्राम मेघा में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड द्वारा स्व.यशवंत राव मेघावाले खेल मैदान में लोकगायक सुनील सोनी स्टार नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। खेल मैदान में विशाल मंच बनाया जा रही है। दर्शकों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हैं।

भारत माता की प्रतिमा का अनावरण आज

मगरलोड। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में मधुर यादों को समेटे हुए ऐतिहासिक मिलन समारोह आज 25 अक्टूबर रविवार को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी जुगलकिशोर अग्रवाल होंगे। शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष मंशाराम साहू अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश साहू होंगे। कार्यक्रम में शांतनु पैकरा, राजेश अग्रवाल, वंदना साहू, प्रदीप साहू, राजेन्द्र दीवान, तुमनचंद साहू, राजेश चक्रधारी, कमलेश मार्कण्डेय, देवानंद गौतम, हेमंत कुमार भी मौजूद रहेंगे।

गड़बड़ी : सरपंच पति के कृषि फार्म के नाम पर निकाले 45 हजार, ग्रामीणों में आक्रोश

नाली सफाई और गिट्टी ढुलाई के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण का मामला उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

पंचायती अधिनियम की धज्जिया उड़ाते कुमडाई खुर्द के सरपंच सचिव ने विकास कार्यों के लिए आंबटित राशि को लेकर भर्राशाही को अंजाम देने का मामला सामने आया है। मामला ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुमडाई खुर्द का है। जहां सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर पंचायत अंतर्गत नाली सफाई सड़क मरम्मत के साथ रेत-गिट्टी ढुलाई के नाम पर 45 हजार रुपये सरपंच पति हेमलाल यादव के कृषि फॉर्म के नाम पर निकाली गई। जिसकी शिकायत भी गांव के गजानंद ने सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई है। मगर अफ़सोस की बात है अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाया है।

■ कुमडाई खुर्द के ग्रामीणों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

जानकारी अनुसार 10 सितंबर से पहले सरपंच निलेबाई एवं सचिव अन्नत राम नागेश द्वारा भेरीगुड़ा, धामनबेड़ा और गांडापारा प्राथमिक माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्र नाली सफाई के लिए 45 हजार 10 सितंबर को बिल लगाकर राशि आहरण किया है। और इस आहरण राशि को भेरीगुड़ा धामनबेड़ा गांडापारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अलावा स्वास्थ्य केंद्र नाली से 25 ट्रिप कचरा एक एक हजार के हिसाब से बिल बनाया गया और इसी बिल में धामनबेड़ा सड़क पर कीचड़ सफाई एवं रेत गिट्टी टैक्टर से 8 ट्रिप ढुलाई करने के अलावा भेरीगुड़ा से करलागुड़ा मार्ग से भी 10 ट्रिप कीचड़ और रेत गिट्टी ढुलाई करना बताकर 45 हजार सरपंच पति के नाम निकाल लिया है। जिसे अवगत ग्रामीण भौचक है। क्योंकि आज तक इतनी साफ़ सफाई नहीं हुई जितना कागज के बिल में बताया गया है। और इससे भी बड़ा तो सरपंच पति हेमलाल यादव के कृषि फॉर्म के नाम पर 45 हजार रुपये के आहरण को लेकर उठाया गया जा रहा है।



जनपद जिम्मेदारों पर भी सवाल- सबसे खास बात तो यह है कि यह 15 वे वित्त के राशि अपने रिश्तेदार के नाम से निकालने से अवगत तथा शिकायत पर भी गंभीर नहिये जबकि तत्कालीन सीईओ से शिकायत भी हुआ था लेकिन तब भी कोई कार्यवाही नहीं हुआ और न वर्तमान में कार्यवाही देखने को मिल रहा हैं ऐसे में जनपद के जिम्मेदारों पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है ।

बिल-वाउचर और भुगतान अभिलेखों की जांच की मांग

शिकायत के बाद ग्रामीणों ने पंचायत में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच केवल कागजी दस्तावेजों तक सीमित न रहे, बल्कि संबंधित बिल-वाउचर, भुगतान अभिलेख और शासन से प्राप्त राशि के उपयोग की भी बारीकी से जांच हो। इसके साथ ही राशि प्राप्त करने वाले व्यक्ति या फर्म की भूमिका को भी जांच के दायरे में शामिल करने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर अनियमितताओं का खुलासा कर जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करनी चाहिए ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जाए और शासन से मिलने वाली राशि का गांव के साफ़ सफाई पेयजल स्वच्छता शिक्षा निर्माण कार्य में उपयोग करते पंचायत के विकास कार्यों में हो सके।

साफ़ सफाई हुई है

भेरीगुड़ा मार्ग कि स्थिति बेहद खराब रही थी और अधिकारियों के कहने पर हकीकत में साफ़सफाई हुई है और जीएसटी बिल नहीं होने कहने पर बिल को लगा दिया।

-अन्नतराम नागेश, सचिव
ग्राम पंचायत कुमडाई खुर्द

कार्रवाई की जाएगी

जांच रिपोर्ट आने के पश्चात पंचायत अधिनियम के तहत बिल्कुल कार्रवाई की जाएगी।

-जागेंद्र कुमार साहू, सीईओ

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

कांग्रेस हाईकमान के निर्देशानुसार बीते शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में 'वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान मुंगझर दशहरा मेले में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में पोस्टर वितरित किए गए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई गई। पोस्टर वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र माझी, जिला महामंत्री सोदर कश्यप, अनामो बघेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। पोस्टर वितरण कार्यक्रम में अभियान की कमान स्वयं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने संभाली। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार नागरिकों का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। बेसरा ने आगे बिहार, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। उनके अनुसार, मतदाता सूची में अनियमितताएं लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर करती हैं। इसलिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और स्थानांतरित करने की प्रक्रिया स्पष्ट एवं पारदर्शी होनी की माँग बेसरा ने रखी। इसी तरह जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सोदर कश्यप ने भाजपा और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कश्यप ने आगे कहा कि भारत का लोकतंत्र महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से मजबूत हुआ है। और इस गौरवशाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को इतनी आसानी से कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। कश्यप ने दावा किया कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए देशभर में लाखों लोग आवाज उठा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र माझी और किसान प्रकोष्ठ प्रमुख अनामो बघेल ने भी पोस्टर वितरण के दौरान आम मतदाताओं से इस लड़ाई में शामिल होने की अपील किया ।

सलिहाभाठा स्कूल में पालक सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक विद्यालय सलिहाभांठा में पालक सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल पटेवा के पूर्व प्राचार्य, शिक्षाविद एससी प्रधान का सम्मान पालकों एवं प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। वहीं शाला के बच्चों द्वारा उनको स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस क्षण को यादगार बनाने के लिए प्रधान द्वारा विद्यालय में अमड़ा और चालटा का फलदार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीखने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रश्न करे। इस प्रश्न को खोजने के लिए जी जान लगा दें और अपने आसपास से, लोगों से उत्तर खोजने का प्रयास करें। उन्होंने सलिहाभांठा के पालकों खासकर माता पालकों की खूब सराहना की। मंच संचालन इको क्लब की सांस्कृतिक मंत्री प्रियंका ने किया। इको क्लब के प्रधानमंत्री हिमांशी, उपप्रधानमंत्री मीरा, सचिव वेनुष ने स्कूल में चल रहे गतिविधियों से परिचित कराया और पालकों से भी भविष्य के लिए सुझाव, मार्गदर्शन मांगे। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने बताया कि उनके प्रोत्साहन से बच्चों के मंच संचालन या अभिव्यक्ति के लिए आगे आने की क्षमताओं में वृद्धि हुई है।



राज्यस्तरीय क्रिकेट में भूपेश का चयन

मगरलोड। प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति लगन के दम पर पीएम श्री सेजेस स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड के कक्षा 9वीं के विद्यार्थी भूपेश साहू पिता नीलम साहू ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन राजनांदगांव में 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

पेज 7 के शेष...

3500 पेड़ों की...

निशांत इस अभियान के दौरान स्थानीय वनकर्मियों और मैदानी अमले को प्रशिक्षित भी कर रहे हैं। उन्हें पेड़ों की सर्जरी, उपचार के बाद उनकी देखभाल, और नियमित निगरानी के गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की आपदा से निपटने के लिए स्थानीय टीम पूरी तरह सक्षम बन सके। इसके साथ ही, स्थानीय समुदायों के पारंपरिक वन संरक्षण ज्ञान को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है।

महानदी के उद्गम क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन दांव पर- करका का यह पूरा क्षेत्र उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का एक अतिसंवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह क्षेत्र न केवल समृद्ध जैव विविधता का केंद्र है, बल्कि यह महानदी के उद्गम क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि आज से पेड़ों का उपचार कार्य शुरू किया जा रहा है।

100 से अधिक मैदानी वनकर्मी अभियान में जुटे- इस अभियान में उदंती सीतानदी टाइगर रिर्जव (यूएसटीआर) के 100 से अधिक मैदानी वनकमी शामिल हैं। इनके साथ विजय निशांत तथा नगरी से बुलाए गए बागवानी विशेषज्ञों चन्द्रप्रकाश साहू (हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर), बीरबल और ग्राफ्टिंग विशेषज्ञों की टीम भी कार्य कर रही है। इस सहभागिता का उद्देश्य केवल तत्काल उपचार कार्यों को पूरा करना ही नहीं, बल्कि रिजर्व के वनकर्मियों की तकनीकी क्षमता को भी विकसित करना है, ताकि भविष्य में प्रभावित वृक्षों की देखभाल, निगरानी एवं पुनर्जीवन का कार्य निरंतर जारी रखा जा सके।

पटवारियों की हड़ताल...

पर पूरा होना किसानों के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में पटवारियों की हड़ताल लंबी खिंचने से किसानों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। वहीं, पटवारी संघ ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दी है।अब देखना होगा कि प्रशासन और पटवारी संघ के बीच कब तक सहमति बनती है, ताकि राजस्व व्यवस्था सुचारु हो सके।

जामली व मुड़ागांव...

भवन निर्माण तथा गहरीन पहुंच मार्ग पर सीसी रोड निर्माण शामिल हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ आवागमन में भी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

31 तक करा...

समय-सीमा के भीतर पंजीयन सहित सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों को नवीन पंजीयन कराना है अथवा धान के रकबे में कमी-बढ़ोतरी, नामिनी में सुधार या बैंक खाते से संबंधित त्रुटियों का निराकरण कराना है, वे संबंधित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, ग्रामीण सहकारी समिति, कृषक सेवा सहकारी समिति अथवा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

समय पर पंजीयन से नहीं होगी परेशानी- समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन भी अपने स्तर पर तैयारियों में जुटा है। ऐसे में किसानों के लिए जरूरी है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना पंजीयन और आवश्यक संशोधन का कार्य पूरा करा लें। समय पर पंजीयन होने से धान विक्रय के दौरान संभावित परेशानियों से बचा जा सकेगा। खेतों में कटाई का दौर शुरू होने के साथ ही अब किसानों की नजर धान खरीदी की व्यवस्था और उपार्जन केंद्रों में अपनी उपज बेचने पर टिकी हुई है।





मैनपुर आईटीआई की बड़ी चूक : ढाई करोड़ के फंड के दुरुपयोग से छिन गया 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर आईटीआई में पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप के तहत मिले ढाई करोड़ की सहायता राशि सदुपयोग नहीं हुआ इसलिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मान्यता से नाम भी चूका। मैनपुर के बजाए अब गरियाबंद आईटीआई केंद्रीय अनुदान से विकसित होगा। जिले के आदिवासी विकास खंड मैनपुर के जाड़ापदर में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत मिली करोड़ों की सरकारी मदद का कथित दुरुपयोग सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक इस संस्था को वर्ष 2010 में ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा राशि पीपीपी के तहत दिए गए मकसद था पांच ट्रेडों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करना और ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा

मैनपुर के बजाए अब गरियाबंद आईटीआई केंद्रीय अनुदान से होगा विकसित



सिर्फ 12.50 लाख की किस्त जमा

संस्था के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार ध्रुव ने बताया कि नियम के मुताबिक सहयोग राशि से संस्थान को आय अर्जित कर 20 साल के अंदर वापस भी करनी है। अब तक केवल 12.50लाख की एक मात्र किश्त पटाई गई है। ट्रेड इफिलेशन के लिए प्रयास किया जा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मान्यता से चुका नाम–ग्रामीण युवा बेरोजगारों के लिए बहुउपयोगी संस्थान साबित होती,पर संस्थागत चूक, अनियमितता और लापरवाही के चलते संस्था का विकास अवरुद्ध हो गया है। जिले का यह एक मात्र संस्थान है जहां पर्याप्त उपक्रम के अलावा 5 ट्रेड को एनसीवीटी के तहत मान्यता मिली हुई है, इस संस्थान में वर्तमान में 400 से ज्यादा छात्र विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण ले रहे हैं, मिली जानकारी के मुताबिक उपयोगिता के दृष्टिकोण से इस संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता सूची में शामिल करना था,पर अनियमितता के चलते मैनपुर के बजाए गरियाबंद को अब इस केंद्रीय अनुदान से मदद मिलने जा रहा है। आईटीआई की जिला को नोडल धनेश्वरी पटेल ने कहा कि गरियाबंद आईटीआई से प्रपोजल भेज दिया गया है।



देना। राशि खर्च के लिए बनाई गई कमेटी ने 2016 में डीजल ट्रेड के नाम पर इंजन, बोलेरो और इससे जुड़े सामान पर करीब 50 लाख रुपये खर्च कर दिए। हैरानी की बात यह है कि डीजल ट्रेड उन पांच ट्रेडों की सूची में ही शामिल नहीं था, जिन्हें आधुनिक बनाने के लिए पैसा मिला था। नतीजा यह कि पिछले करीब 10 साल से ये सामान पड़े–पड़े अनुपयोगी हो चुके हैं। हैरानी की बात है कि प्रत्येक साल संस्थान में ऑडिट का प्रावधान है बावजूद अनियमितता उजागर नहीं हो पाना,कई सवाल खड़ा कर रहा है।

खबर संक्षेप

राइस मिल में चोरी

महासमुंद। ग्राम मेमरा स्थित राइस मिल के ऑफिस में हुई चोरी के मामले में रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को श्रीराम राईस मिल ग्राम मेमरा के कैलाशचंद अग्रवाल पिता किशनलाल अग्रवाल (45 वर्ष) ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात्रि करीबन 07 बजे वह राइस मिल बंद करके घर आया था। जब वह 21 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे राइस मिल जाकर देखा कि आलमारी का लॉकर टूटा था, उसमें रखी नगद रकम 1,25,000 रुपए , 1 चांदी का सिक्का 10 ग्राम कीमत लगभग 1000 रुपए व सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क एनवीआर एवं 2नग पीओए स्वीच 8 पार्ट का कीमत लगभग 10,000 रुपए कुल 1,36,000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी क ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

चौकीदार के घर चोरी

महासमुंद। पीडब्लूडी महासमुंद के चौकीदार के खैरा स्थित घर से जेवरों व मोबाइल की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गोपाल तंबोली ने बताया कि वह पीडब्लूडी महासमुंद में चौकीदार है और 21 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे वार्ड नं. 10 खैरा स्थित अपने घर में ताला बंद करके ड्यूटी करने ऑफिस महासमुंद आया। रात लगभग 9 बजे खाना खाने के लिए घर गया तो देखा कि मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी।

चेतावनी : छह महीने से भुगतान के इंतजार में पंचायतें, मनरेगा की 1.20 करोड़ की राशि लंबित

मनरेगा भुगतान और लंबित राशि नहीं मिलने पर 4 नवंबर के बाद कलेक्ट्रेट घेराव-चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

फिंगेश्वर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में लंबित राशि, मनरेगा भुगतान और निर्माण कार्यों की फाइलों के निराकरण में हो रही देरी को लेकर सरपंच संघ ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू के नेतृत्व में सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर से मुलाकात कर कलेक्टर, जिला पंचायत एवं संबंधित उच्चाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने पंचायतों की लंबित राशि तत्काल जारी करने और विभागीय लेटलतीफी दूर करने की मांग की है। इस जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकार ने कहा जिला सरपंच संघ ने मांग आवेदन दिया है,फंड राज्य प्रशासनिक मामला है। शीघ्र फंड आ सकता है।

> ■ जिला सीईओ ने शीघ्र फंड आ सकता है, राज्य प्रशासनिक मामला है

इधर सरपंच संघ अपने साथियो साथ ही चेतावनी दी है कि 4 नवंबर 2026 तक राशि जारी नहीं हुई तो इसके बाद किसी भी दिन कलेक्ट्रेट का घेराव और चक्काजाम किया जाएगा।

जिला सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने शनिवार को फिंगेश्वर जाते समय ग्राम चैतरा चौक पर कहा कि पंचायतों को समय पर राशि नहीं मिलने से विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। निर्माण कार्य पूरे होने के बावजूद भुगतान लंबित है। इससे निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं, दुकानदारों और परिवहनकर्ताओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि लंबित फाइलों के निराकरण और अग्रेषण के लिए अधिकतम सात दिवस की समय-सीमा निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया जाए। साथ ही पूर्ण एवं मूल्यांकित निर्माण कार्यों की लंबित भुगतान राशि तत्काल जारी की जाए, ताकि पंचायतों को अनावश्यक परेशानी से मुक्ति मिल सके। सरपंच संघ ने राशन कार्ड निर्माण प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में छूटे पात्र हितग्राहियों के नाम दोबारा जोड़ने तथा पंचायत सचिवों की पंचायत मुख्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा जिला एवं जनपद स्तर पर आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में सरपंचों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आमंत्रित कर सम्मानजनक स्थान देने और शासकीय कार्यक्रमों व शिविरों के आयोजन में संबंधित विभागों से नियमानुसार आर्थिक सहयोग लेने की मांग भी रखी गई है। पत्रकारिता की आड़ में अवैध वसूली और धमकी दिए जाने संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। जिला सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने स्पष्ट किया कि यदि 4 नवंबर 2026 तक पंचायतों की लंबित राशि जारी नहीं की गई, तो इसके बाद किसी भी दिन जिला सरपंच संघ कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर चक्काजाम करेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। जब पंचायतों को समय पर राशि नहीं मिलेगी, तो विकास कार्य कैसे आगे बढ़ेंगे। इसका सीधा असर ग्रामीण जनता पर पड़ता है। संघ ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर समय-सीमा में निराकरण करने की अपील की है।

इस मांग को फिंगेश्वर विकासखंड की सभी 72 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का समर्थन मिलने की बात कही गई है। प्रतिनिधिमंडल में सरपंच सुकदेव साहू, बेनी शंकर साहू (खुटेरी), गज्जू सिन्हा (कुंडेल), मोतीराम निषाद, गणेशिया साहू (चैतरा), गामनी घृतलहरे (सेंदर), डॉ. राजेंद्र साहू (चरभट्ठी), गजानंद साहू (चरौदा), सरोज गंधर्व (गनियारी), गणेश साहू (परसदाकला), नेतराम सिन्हा (बोड़की), सुमन रात्रे (बेलर), अरुण ध्रुव (लचकेरा), हूमन सिन्हा (बोरिद), अमिता यदु (सरकड़ा) और युधिष्ठिर साहू (रचकट्टी) सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। सरपंच प्रतिनिधि हिरू डाहरे सहित घनश्याम मरकाम, चम्पेश्वर ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, मनीष ध्रुव, डिगेश्वर साहू, बोधन यदु, घनश्याम साहू, दुरुब सिंह, रवि, विजय, तुलसी, कृष्ण, रविन्द्र और हेमलता सहित अन्य लोगों ने भी मांगों का समर्थन किया।

जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकार ने कहा सरपंच संघ से आवेदन मिला है,मामला राज्य प्रशासनिक है,उच्च अधिकारी को संज्ञान में है। फंड कब तक आयेगा सही सही समय नहीं कह सकते। सम्भावना शीघ्र फंड आ सकता है।

1 करोड़ 20 लाख के मनरेगा भुगतान और 16वें वित्त की राशि के लिए प्रशासन को अल्टीमेटम



उन्होंने बताया कि फिंगेश्वर जनपद पंचायत में मनरेगा के पूर्ण एवं लंबित कार्यों की करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि देय है। पिछले छह महीने से भुगतान के लिए तारीख पर तारीख मिल रही है, लेकिन राशि जारी नहीं हो रही है। मनरेगा की पहले दीपावली से पहले भुगतान होने की उम्मीद जताई गई थी, लेकिन अब भुगतान दिसंबर तक टलने की सूचना मिलने से पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी है। सरपंचों ने सवाल उठाया कि जब मजदूरों और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों का पैसा ही नहीं मिला है, तो वे दीपावली कैसे मनाएंगे। संघ ने मांग की है कि मनरेगा की लंबित राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाए, ताकि प्रभावित लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन में ग्राम पंचायतों को 16वें वित्त आयोग की लंबित राशि 4 नवंबर तक हर हाल में जारी करने की मांग की गई है। इसके अलावा मूलभूत मद की राशि पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में दीपावली से पहले उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों को समय पर राशि नहीं मिलने से स्थानीय विकास कार्यों का संचालन प्रभावित होता है और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी कठिनाई आती है।

संघ अध्यक्ष हरीश साहू सहित सरपंचों ने निर्माण कार्यों की लंबित फाइलों के निराकरण में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि नियमानुसार निर्माण कार्य पूर्ण होने और मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी भुगतान के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने यशम सॉफ्टवेयर सर्विसेज का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, संकाय विज्ञान के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 23 अक्टूबर 2026 को यशम सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नवा रायपुर में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कुल 25 विद्यार्थी एवं 3 संकाय सदस्य शामिल हुए। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी आईटी उद्योग की कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था।



औद्योगिक भ्रमण के दौरान दिव्या मेहता एवं मानव संसाधन अधिकारी पुष्पराज घृतलहरे ने विद्यार्थियों को कंपनी की संपूर्ण कार्यप्रणाली एवं वर्कफ़्लो की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से सॉफ्टवेयर विकास की विभिन्न प्रक्रियाओं, कंपनी के दैनिक कार्यों, टीम समन्वय, कार्य प्रबंधन तथा व्यावसायिक कार्यशैली को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। इससे विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि वास्तविक औद्योगिक वातावरण में सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी परियोजनाओं पर किस प्रकार कार्य किया जाता है। इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आईटी क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी कौशल, टीमवर्क, संचार कौशल, कार्य अनुशासन और रोजगार की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अनुभव ने विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं को समझने तथा भविष्य में बेहतर करियर के लिए स्वयं को तैयार करने हेतु प्रेरित किया। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक अनुभव सिद्ध हुआ। इससे उन्हें शैक्षणिक ज्ञान और औद्योगिक कार्यप्रणाली के बीच संबंध समझने का अवसर मिला तथा भविष्य में आईटी क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं रोजगार के अवसरों के प्रति उनकी समझ विकसित हुई। कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, आईएसबीएम विश्वविद्यालय, दिव्या मेहता, पुष्पराज घृतलहरे एवं यशम सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की पूरी टीम के प्रति इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल, उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी के "लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ" अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अभियान के उद्देश्यों, विपक्ष के आरोपों का जवाब देने की रणनीति तथा जिले में प्रस्तावित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा द्वारा 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस और विपक्ष द्वारा निर्वाचन आयोग तथा अन्य लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर उठाए जा रहे सवालों के जवाब में जनता के बीच अपना पक्ष रखने की योजना बनाई गई है।



कार्यकर्ता में ये रहे उपस्थित

बैठक में आगामी कार्यक्रमों के संचालन, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। जिला स्तरीय टोली ने अभियान की निर्धारित अवधि में सभी प्रस्तावित गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी,पदुलोचन जगत, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूप नारायण साहू जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी मंडल अध्यक्षगण सुमित पारख धनराज विश्वकर्मा रिकेश साहू खोमन चंद्राकर हेमंत सिन्हा देवेश ठाकुर संतोष यादव भोजराज सिन्हा जगमोहन पटेल भगवानों बेहरा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री पंकज निर्मलकर सोशल मीडिया संयोजक अमित बखारिया आईटी सेल संयोजक डायमंड साहू थान सिंह निषाद प्रकाश रोहरा सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास और जनजागरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के माध्यम से आम नागरिकों तक पार्टी का पक्ष पहुंचाने तथा लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर सकारात्मक जनसंवाद स्थापित करने की आवश्यकता बताई।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संगठन के सभी स्तरों पर समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने प्रस्तावित पदयात्रा, संवाद कार्यक्रमों और छात्र प्रतियोगिता की तैयारियों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उनके प्रभावी संचालन और जनभागीदारी पर जोर दिया।

नवाचार और अनुसंधान को मिला बढ़ावा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर जागरूकता संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) में 24 अक्टूबर 2026 को विश्वविद्यालय के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व, नवीन विचारों के संरक्षण, नवाचार को प्रोत्साहन तथा रचनात्मक कार्यों के कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रानी झा, संयुक्त कुलसचिव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता को वर्तमान शैक्षणिक एवं तकनीकी परिवेश में आवश्यक बताया। उन्होंने संसाधन व्यक्ति का परिचय भी प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के संसाधन व्यक्ति अनमोल श्रीवास्तव, सीईओ एवं संस्थापक, लीगटेक ने आईपीआर के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों की उपयोगिता को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार नवीन विचारों, अनुसंधान, आविष्कारों और रचनात्मक कार्यों को उचित कानूनी संरक्षण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने नवाचार को बढ़ावा देने तथा बौद्धिक संपदा के प्रभावी उपयोग के महत्व पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने शोध कार्यों, नवाचारों और मौलिक विचारों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ विकसित करने तथा अनुसंधान एवं नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. सुनील कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने संसाधन व्यक्ति, विश्वविद्यालय प्रशासन, आयोजकों, शिक्षकों एवं उपस्थित प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में अनुसंधान, नवाचार और बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, लैब स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

